# न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

**प्रकरण संख्या Raj-D 52/2017 श्री मिठालाल बनाम श्री शंकरलाल**

| तारीख हुक्म | हुक्म पर कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 19–12–2018 | वकील उभयपक्ष अनुपस्थित। प्रकरण में हमारे द्वारा समायतशुदा बहस व पत्रावली के रेकर्ड का अवलोकन कर बहस पर मनन किया तो पाया कि विभाजन के वाद में अधिनस्थ न्यायालय ने दिनांक 21–3–2017 को रेस्पोन्डेन्ट संख्या–1 वादी द्वारा पेश शुदा वाद दर्ज होने के बाद अधिनस्थ न्यायालय ने दिनांक 15–5–2017 को प्रकरण को लोक अदालत में रखकर सीधे प्रारम्भिक डिक्री व अंतिम डिक्री जारी कर वाद निस्तारित कर दिया। प्रकरण में अपीलान्ट प्रतिवादी को सामान्य न्यायिक प्रकिया अथवा लोक अदालत की कोई भी सूचना/नोटिस नहीं दिया गया है। आश्चर्यजनक रूप से अधिनस्थ न्यायालय ने विभाजन प्रस्ताव तलब करने के पूर्व प्रारम्भिक डिक्री भी जारी नहीं की है तथा विभाजन प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व तहसीलदार द्वारा न तो स्वयं विभाजन किया गया है, न ही अपीलान्ट प्रतिवादी को विभाजन प्रस्ताव तैयार किये जाने के लिए सूचना दी है। स्पष्टतया अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय प्राकृतिक न्याय एवं विधिक प्रकिया के प्रतिकूल होने से अपास्त किये जाने योग्य है।<br><br>अतः अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 15–05–2017 अपास्त किया जाकर प्रकरण अधिनिस्थ न्यायालय को **प्रतिप्रेषित** कर निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में उभयपक्षों को विधिवत सुनवाई का अवसर देकर विधिक प्रकिया का पालन करते हुए निर्णय पारित करें। पक्षकारान अधिनस्थ न्यायालय में दिनांक 18–02–2019 को उपस्थित होवें।<br><br>पत्रावलियां बाद पूर्ण प्रविष्टि नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 19–12–2018 को मेरे हस्ताक्षर से खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>(एल.एन. मंत्री )<br>भू–प्रबन्ध अधिकारी<br>एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी<br>उदयपुर | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

**प्रकरण संख्या Raj-D 52/2017 श्री मिठालाल बनाम श्री शंकरलाल**

# डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ.** .............मुकाम ..............
**उदयपुर** व इजलास ........... **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** .......................................

श्री गणेश लाल नागदा पिता श्री कालूलाल नादा निवासी पुला शोभागपुरा रोड़ पटवार मण्डल के पास शोभागपुा स्कूल के सामने तहसील गिर्वा जिला उदयपुर

**बनाम**

श्री भंवर लाल पिता श्री तेजपाल कटारिया निवासी 343 भोपालपुरा उदयपुर (राज0) अन्य 10 व सरकार

अपील नं0 84/2012 बनाराजगी डिगरी अदालत ............ सहायक कलक्टर मु0...... ........ उदयपुर ................ मुकाम मुर्ख्खे...........27............. माह .............02........... 1993

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 15..... माह ......06.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री सत्य प्रकाश व्यास ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री संजय बोहरा .... . ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि अतः अपील अपीलान्ट दूषित (Defectiv) होने से खारिज की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 27–2–1993 यथावत रखा जाता है।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का .................... X ...................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........15..... माह ...06........ 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू–प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. स्टाम्प अपील ................<br>2. स्टाम्प वकालत नामा.......<br>3. इजराय हुक्मनामा ............<br>4. वकील फीस बाबत .........<br>मीजान ...........<br>. | | | | | |

नोट :– इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

**प्रकरण संख्या Raj-D 52/2017 श्री मिठालाल बनाम श्री शंकरलाल**

# डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ.** .............मुकाम ..............
**उदयपुर** व इजलास ............ **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** ........................................

श्री गांगा पिता देवा डांगी
निवासी खेड़ी तहसील गिर्वा
जिला उदयपुर (राज0)
अन्य –2

**बनाम**

श्री भंवर लाल पिता श्री कालूलाल
निवासी गांव खेड़ी तहसील गिर्वा
जिला उदयपुर (राज0)
अन्य–6

अपील मूत नं0 3/2015 बनाराजगी डिगरी अदालत ............भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी ......उदयपुर ....... मुकाम मुर्ख्ख............08.............. माह .............07........... 2015

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 25..... माह ......05.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री मन्नाराम डांगी ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री ........................................ ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि ........................ प्रकरण में वकील अपीलान्ट द्वारा पेश शुदा आवेदन दफा–152 जाब्ता दीवानी का अवलोकन किया गया तो यह पाया गया कि इस न्यायालय द्वारा जारी डिक्री अन्तर्गत प्रकरण संख्या 46/2004 निर्णय दिनांक 8–7–2010 में अंकित आराजी नं0 3261 रकबा 0. 800 हैक्टर लिपिकीय/टंकण त्रुटि से गलत अंकित हो गया है। इसके स्थान पर आराजी नंबर 3231 रकबा 0.0800 हैक्टर अंकित किया जावे।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का ..................... X ....................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........14..... माह ...06....... 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू–प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. स्टाम्प अपील ................ | | | | | |
| 6. स्टाम्प वकालत नामा....... | | | | | |
| 7. इजराय हुक्मनामा ............. | | | | | |
| 8. वकील फीस बाबत ......... | | | | | |
| मीजान ............ | | | | | |
| . | | | | | |

नोट :– इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।